**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 31.01.2026 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल लोकसभा में पेश करेंगी उम्मीदों का बजट, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–विकास के मानकों पर खरा उतरेगा बजट।**
2. **राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने पूर्वी सिंहभूम में जिला परिषद के सदस्यों के साथ की बैठक, अधिकारियों को दिये महत्वपूर्ण निर्देश।**
3. **राज्य में निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ी, भाजपा कोर कमिटी की बैठक में बनी रणनीति, कांग्रेस ने उम्मीदवारों के चयन के लिए जिला अध्यक्षों को सौंपी जिम्मेदारी।**
4. **हजारीबाग पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में आठ लोगों को किया गिरफ्तार, एक सौ सत्तर ग्राम ब्राउन शुगर और तीन लाख से अधिक की नकदी बरामद।**

**और**

5. **एशिया कप साइकिलिंग ट्रैक प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 3 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास।**

****************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल लोकसभा में वार्षिक आम बजट पेश करेंगी। बजट से देश की जनता को कई उम्मीदें हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री बजट पेश करने के बाद शाम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। केन्द्रीय बजट से झारखंड के लोगों को भी काफी उम्मीदें हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कल का बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मानकों पर खरा उतरेगा।

सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मानव केडिया ने कहा कि बजट के पिटारे से मध्यम वर्ग को राहत की उम्मीद है।

****************

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले में जिला परिषद के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला परिषद क्षेत्र में चल रही योजनाओं और वित्तीय व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

****************

राज्य में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू की अध्यक्षता में आज प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में केन्द्रीय बजट, नगर निकाय चुनाव और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वी जी राम जी पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा है इसके बावजूद नगर निकाय चुनाव में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत और वोटो का बिखराव नहीं होने पर जोर दिया जा रहा है।

****************

राज्य में नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा है। हालांकि सभी पार्टियां अपने समर्थकों की जीत सुनिश्चित करने पर जोर दे रही है। कांग्रेस पार्टी ने निकाय चुनाव में अपने उम्मीदवारों के चयन के लिए जिला अध्यक्षों को जिम्मेवारी सौंपी है।

****************

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस उपाधीक्षकों की पोस्टिंग को लेकर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा कि ऐसी सूचना मिली है कि कई पुलिस अधिकारियों को प्रमोशन मिलने के बावजूद वर्षों तक पोस्टिंग नहीं दी गई, जबकि चार अधिकारियों को उनकी सेवानिवृत्ति से केवल 24 घंटे पहले पदस्थापित किया गया। उन्होंने इसे व्यवस्था का मज़ाक करार दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कुछ अधिकारियों की कार्यशैली पर भी गंभीर आरोप लगाया और कहा कि इससे पुलिस की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

****************

हजारीबाग पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कोर्रा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में सात युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि इसके अलावा टाटीझरिया थाना क्षेत्र से अवैध शराब के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

****************

झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने एक साइबर अपराधी को बंगाल के उत्तरी चौबीस परगना से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर फर्जी इन्वेस्टमेंट और ट्रेडिंग ऑफर्स देकर लोगों से दो करोड़ रूपये से अधिक की ठगी का आरोप है। आरोपी के पास से लैपटॉप, मोबाइल, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और ठगी से संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

****************

गोड्डा पुलिस ने जिले के पेरघोडीह और दुमका के दामोडीह में छापेमारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से पैंतालीस हजार रूपये नकदी, चार मोबाइल, क्रेडिट कार्ड, पासबुक, चेक बुक, तीन एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ रांची यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अवैध रूप से लगाए गए 596 मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न जब्त कर पुलिस केंद्र रांची में रोड रोलर से नष्ट किए गए। यातायात पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि ध्वनि प्रदूषण से बीमार, बुजुर्ग, छोटे बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को गंभीर नुकसान होता है, इसलिए वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

****************

साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से तमिलनाडु में आयोजित एशिया कप ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के टीम स्पर्द्धा में सरिता कुमारी ने स्वर्ण और व्यक्तिगत स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता, जबकि विकास उरांव ने दो स्वर्ण और अमीर रियाज ने दो कांस्य पदक अपने नाम किया।

********समाप्त*********